क्र0 ............/अका.प्र./एलुएसो/2021 ग्वालियर दिनांक 03 मार्च, 2021

# केआरजीसी एलुमनाई एसोसियेशन

शासकीय कमला राजा कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय ग्वालियर शहर के दक्षिण–पश्चिम दिशा में कम्पू नामक स्थान पर स्थित है और कम्पू कोठी नामक राजसी महल के विशाल परिसर में संचालित होता है। इस महाविद्यालय की स्थापना 1937 ईस्वी में हुई थी तथा वर्तमान में यह महाविद्यालय मध्य प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग में एक प्रमुख स्थान रखता है। अपनी शैक्षणिक उपलब्धियों, ढांचागत संपत्तियों और वित्तीय स्थिति के कारण यह न केवल मध्य प्रदेश राज्य में बल्कि उत्तरी भारत के अन्य राज्यों में भी उच्च शिक्षा संस्थानों के बीच व्यापक प्रतिष्ठा रखता है। यह महाविद्यालय 1964 ई. से जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर से संबद्ध है।

इस महाविद्यालय में 1937 ई. से लेकर अब तक लगभग तीन लाख छात्राओं द्वारा अध्ययन कर स्नातक, स्नातकोत्तर तथा शोध उपाधि प्राप्त की जा चुकी है। इन छात्राओं में कुछ छात्राओं ने राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपने ज्ञान कौशल के माध्यम से अपनी पृथक पहचान बनाई है तथा इस महाविद्यालय की एलुमनाई के रूप में महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। कई छात्राओं ने विदेशों में भी विशेष तौर पर अमरीका, कनाडा, ब्रिटेन, जर्मनी, आस्ट्रेलिया आदि देशों में विभिन्न सेवाओं में अपना मुकाम हासिल किया है। केआरजी महाविद्यालय के इन सितारों में आज भी अपने महाविद्यालय के प्रति आकर्षण है तथा जब भी उन्हें अवसर मिलता है, वे इस महाविद्यालय परिसर में अपने शैक्षणिक काल की यादों को संजोने के लिये उपस्थित होकर हमें आल्हादित करती हैं।

केआरजी महाविद्यालय में संचालित एलुमनाई एसोसियेशन की स्थापना वर्ष 2006 में तत्कालीन प्राचार्य मेजर आशा माथुर के प्रयासों से की गई थी। एसोसियेशन का पंजीयन मध्य प्रदेश सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1973 के तहत् सहायक पंजीयक, पंजीयन कार्यालय के माध्यम से कराया गया। इस संस्था का पंजीयन क्रमांक 02/42/01/10277/06 दिनांक 09 मई, 2006 है।

# एलुमनाई एसोसियेशन की कार्यकारिणी

केआरजीसी एलुमनाई एसोसियेशन के संचालन तथा उसके प्रबंधन हेतु एक प्रबंध समिति अथवा कार्यकारिणी का प्रावधान संस्था की नियमावली में किया गया है। 2015 में गठित इस कार्यकारिणी की वर्तमान में संरचना निम्नानुसार है –

1. डॉ. मेजर आशा माथुर – अध्यक्ष
2. डॉ. रमेश शर्मा – उपाध्यक्ष
3. डॉ. रश्मि पवार – उपाध्यक्ष
4. डॉ. अर्चना भारद्वाज – सचिव
5. श्रीमती अरूणा गंगाजलीवाले – सह–सचिव
6. डॉ. अंजू गुप्ता – कोषाध्यक्ष
7. डॉ. मधुलक्ष्मी शर्मा – सदस्य
8. डॉ. विमलेश अग्रवाल – सदस्य

# महाविद्यालयीन एलुमनाई व्यवस्था समिति

महाविद्यालय में संचालित एलुमनाई एसोसियेशन के महाविद्यालय स्तर पर प्रबंधन हेतु एक समिति का गठन किया जाता है, जिसमें महाविद्यालय में शिक्षक के रूप में पदस्थ महिला प्राध्यापकों को प्राथमिकता के आधार पर सम्मिलित किया जाता है तथा कुछ अन्य शिक्षकों को भी आवश्यकता अनुसार समिति का सदस्य नामित किया जाता है। वर्तमान में केआरजी महाविद्यालय में एलुमनाई समिति की संरचना निम्नानुसार है –

1. डॉ. वीणा शुक्ला – संयोजक
2. डॉ. राजेन्द्र दुबे – सदस्य
3. डॉ. विनिता अग्रवाल – सदस्य
4. डॉ. जया जैन – सदस्य
5. डॉ. प्रीति श्रीवास्तव – सदस्य
6. डॉ. नीरू गुप्ता – सदस्य
7. डॉ. आर.के. माहौर – सदस्य

***KRGC/IQAC***

**(डॉ. एम. आर. कौशल)**
प्राचार्य